**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

## अवसर का इस्तेमाल जिंदगी को तराशने में करें : प्रो. कुमुद शर्मा

वर्धा, 01 सितंबर 2025 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश पाकर आप भाग्यशाली हों। आपको इस अवसर का इस्तेमाल जिंदगी को तराशने में







करना चाहिए। तुलसी भवन स्थित ग़ालिब सभागार में सोमवार, 01 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर, भाषा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एच. ए. हुनगुंद, भाषा विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिल पाण्डेय, प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भारती मंचासीन थे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने फादर कामिल बुल्के के जन्मदिवस पर हिंदी भाषा एवं साहित्य में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि औपचारिक एवं अनौपचारिक तरीके से भी शिक्षा लेती रहनी चाहिए। आपस में समभाव को बढ़ाते हुए निरंतर आगे बढ़ने की कोशिश कीजिए और अतीत, वर्तमान तथा भविष्य से भी संवाद कीजिए। उन्होंने शिक्षक और शिष्य के बीच विश्वास एवं संवाद बनाए रखने की अपेक्षा भी व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने साहित्य एवं भाषा विद्यापीठ के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीतों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में गीत और संगीत की गूंज हमेशा बनी रहनी चाहिए। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर ने दिया। उन्होंने माननीय कुलपति, मंचासीन विद्वानों एवं वर्धा, प्रयागराज, कोलकाता एवं रिद्धपुर केंद्र पर भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ के अध्यापकों से नव प्रवेशित विद्यार्थियों का परिचय भी कराया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप-दीपन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं कुलगीत से किया गया। उत्कर्ष सहस्रबुद्धे व साहिब देव शर्मा ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन साहित्य विद्यापीठ के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी ने किया तथा भाषा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एच. ए. हुनगुंद ने आभार माना।

इस अवसर पर भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के शिक्षक उपस्थित थे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

भाषा व साहित्य विद्यापीठातील नवप्रवेशित विद्यार्थ्यांचा दीक्षारंभ कार्यक्रम

**संधीचा उपयोग जीवन घडविण्यासाठी करा : प्रो. कुमुद शर्मा**

वर्धा, 01 सप्टेंबर 2025 : विश्वविद्यालयात प्रवेश घेऊन तुम्ही भाग्यशाली ठरला आहात. या संधीचा उपयोग जीवन घडविण्यासाठी करा, असे प्रतिपादन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी केले. भाषा व साहित्य विद्यापीठातील नवप्रवेशित विद्यार्थ्यांकरिता आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रमात संवाद साधतांना त्या बोलत होत्या. तुलसी भवनातील गालिब सभागृहात सोमवार, 01 सप्टेंबर रोजी दीक्षारंभ घेण्यात आला. यावेळी भाषा व साहित्य विद्यापीठाच्या अधिष्ठाता प्रो. प्रिती सागर, भाषा विज्ञान विभागाचे अध्यक्ष डॉ. एच. ए. हुनगुंद, भाषा विज्ञान विभागाचे प्रोफेसर डॉ. अनिल पांडे, प्रदर्शनकारी कला विभागाचे अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भारती मंचावर उपस्थित होते.

प्रो. कुमुद शर्मा यांनी फादर कामिल बुल्के यांच्या जन्मदिनानिमित्त हिंदी भाषा व साहित्यातील त्यांच्या योगदानाचे स्मरण केले.त्या म्हणल्या, औपचारिक तसेच अनौपचारिक प्रकारे शिक्षण घेतले पाहिजे. परस्परात समभाव वाढवून सतत पुढे जाण्याचा प्रयत्न करत राहिले पाहिजे. भूत, वर्तमान व भविष्याशी सुद्धा संवाद करत राहावे असा संदेश त्यांनी विद्यार्थ्यांना दिला. तसेच शिक्षक व शिष्य यांच्यात विश्वास व संवादाचे वातारण राहिले पाहिजे अशी अपेक्षाही त्यांनी व्यक्त केली. विद्यार्थ्यांनी सादर केलेल्या गीतांची प्रशंसा करुन त्या म्हणाल्या, विद्यार्थ्यांमधील कला गुणांना वाव देण्यासाठी गीत-संगीताचे स्वर परिसरात निनादत पाहिजे. भाषा व साहित्य विद्यापीठाच्या अधिष्ठाता प्रो. प्रिती सागर यांनी कुलगुरू, मंचस्थ अतिथी, प्रयागराज, कोलकाता व रिद्धपूर केंद्रातील नवप्रवेशित विद्यार्थ्यांचे स्वागत केले व परिचयही करवून दिला. दीप-दीपन, मां सरस्वतीच्या चित्रावर माल्यार्पण व कुलगीताने कार्यक्रमाची सुरुवात करण्यात आली. उत्कर्ष सहस्रबुद्धे व साहिब देव शर्मा यांनी मंगलाचरण सादर केले.

कार्यक्रमाचे संचालन साहित्य विद्यापीठाचे एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी यांनी केले तर भाषा विज्ञान विभागाचे अध्यक्ष डॉ. एच. ए. हुनगुंद यांनी आभार मानले. राष्ट्रगीताने कार्यक्रमाची सांगता झाली. याप्रसंगी शिक्षक व विद्यार्थी मोठया संख्येने उपस्थित होते.